दिन– शुक्रवार | दिनांक– 11/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में ग्यारह सौ रूपये प्रतिमाह की दर से बढ़ी हुई पेंशन राशि अंतरित की।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले के तहत वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

03. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी। अबतक पांच करोड़ सत्तासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए गए।

04. और, सावन का पवित्र महीना आज से शुरू। भागलपुर के सुल्तानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा का जल उठाने के लिए कांवड़ियों की उमड़ी भीड़।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों के खाते में ग्यारह सौ रूपये प्रतिमाह की दर से बढ़ी हुई पेंशन राशि अंतरित की। श्री कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम से एक करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में एक हजार दो सौ सत्ताईस करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से वृद्धजन और दिव्यांगजनों को काफी राहत मिलेगी।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने इस अवसर पर कई लाभुकों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री से बातचीत करने वाली भोजपुर की एक पेंशनभोगी महिला प्रभावती देवी ने कहा कि पेंशन राशि बढ़ने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

–––बाइट–––

पिछले दिनों कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि चार सौ रूपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये करने का फैसला किया था। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि मिलने पर लाभुकों ने प्रसन्नता जताते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

–––वॉक्सपॉप–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले के तहत वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। वे इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। सोलहवां रोजगार मेला देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये जा चुके हैं।

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक पांच करोड़ सत्तासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं का चौहत्तर दशमलव तीन–नौ प्रतिशत है। चार में से तीन मतदाताओं ने अपने प्रपत्र जमा कर दिये हैं। गणना फार्म जमा करने में अभी चौदह दिन शेष हैं।

---

राजधानी पटना के बापू सभागर में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मेले–आरोग्य पर्व की शुरूआत हुई। मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मेले में एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी और योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग–अलग काउंटर बनाये गये हैं। स्वास्थ्य मेले में पचास ओपीडी काउंटर और निःशुल्क दवा वितरण के लिए काउंटर बनाए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि छात्राओं के लिए एचपीवी टीकाकरण की सुविधा भी मेले में उपलब्ध है।

–––बाइट–––

लोग स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड और आभा आईडी भी बनवा सकते हैं।

---

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के बारह अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। शिखर चौधरी कटिहार के नये पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। वहीं, कटिहार

के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा को अपराध अनुसंधान विभाग, पटना में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। संजय कुमार को सारण, ग्रामीण का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

---

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने आज सीतामढ़ी के रीगा चीन मिल के गन्ना किसानों को बकाया भुगतान प्रक्रिया की शुरूआत की। उन्होंने छब्बीस किसानों को चेक सौंपा। शेष किसानों को राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गयी।

---

आम आदमी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अपने उम्मीदवार देगी।

---बाइट---

---

जाने–माने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के मामले में गिरफ्तार अशोक साव और उमेश यादव को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया है। इस संबंध में पटना पुलिस ने अदालत में आवेदन दिया था, जिसे मंजूर कर लिया गया।

---

सावन का पवित्र महिना आज से शुरू हो गया है। इस बार सावन महीने में चार सोमवार पड़ेंगे। एक रिपोर्ट....

---रिपोर्ट---

प्रदेश के शिवालयों और मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर उनका जलाभिषेक किया। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ मंदिर परिसर में आज से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने मेले का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी भी मौजूद थे। राज्य में कई अन्य स्थानों पर भी श्रावणी मेले का आयोजन किया जा रहा है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। कांवड़ियों के लिए पेयजल, बिजली, शौचालय, आश्रयगृह और स्वास्थ्य शिविर समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस बीच, झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आकाशवाणी को बताया कि श्रावण के पावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

———बाइट———

हम लोग विशेष रूप से ध्यान रखेंगे एक तो ट्रैफिक का दूसरा रेल की मूवमेंट का और तीसरा किसी प्रकार की कोई भगदड़ इत्यादि की घटना ना घटे। उसके लिए हम लोगों ने एसपीडीसी को निर्देश है कि पूरे मंदिर प्रांगण का एक गहन समीक्षा हो और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार का श्रावणी मेला अच्छा से हो जाएगा।

---

राज्य में मानसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

---

वाल्मीकिनगर गंडक बराज से नदी में एक लाख नब्बे हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से कई जगहों पर कटाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। ब्योरा हमारे संवाददाता से....

———बाइट———

पानी का दवाब बढ़ने से योगापट्टी के सिसवा–मंगलपुर पंचायत में गंडक नदी पर बना जीओ बैग बांध धंस गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लगभग चार सौ मीटर की लंबाई में बांध धंसा है। इससे सिसवा और मंगलपुर गांव पर कटाव का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने बांध धंसने की सूचना स्थानीय प्रशासन के साथ–साथ जनप्रतिधियों को भी दी है लेकिन अभी तक इसकी मरमम्त के लिए कोई पहल नहीं हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

---

वैशाली जिले के गोरौल स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने बीस लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। पुलिस ने बताया कि छह की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकानदार और ग्राहकों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

गयाजी जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत विधिचक गांव में पुलिस की गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस गाड़ी को आग के हवाले कर दिया।

---

पटना साइबर थाने की पुलिस ने एसबीआई के योनो ऐप के जरिए ठगी करने वाले साइबर गिरोह के दो सदस्यों को राजेन्द्र नगर से गिरफ्तार किया है।

---

शिवहर जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बीएलओ पंकज कुमार धीर को निलंबित कर दिया गया है।

---

पटना के रानी तालाब थाना क्षेत्र के धाना गांव में एक बालू करोबारी की देर रात हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में ग्यारह सौ रूपये प्रतिमाह की दर से बढ़ी हुई पेंशन राशि अंतरित की।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले के तहत वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

03. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी। अबतक पांच करोड़ सत्तासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए गए।

04. और, सावन का पवित्र महीना आज से शुरू। भागलपुर के सुल्तानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा का जल उठाने के लिए कांवड़ियों की उमड़ी भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।